# CONTENTS

**Seventeenth Series, Vol. VII, Third Session, 2020/1941 (Saka)**
**No.11, Tuesday, March 3, 2020/Phalguna 13, 1941 (Saka)**


| SUBJECT | PAGES |
|---|---|
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | 12-17 |
| *Starred Question No. 161 | |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 162 to 180 | 18-76 |
| Unstarred Question Nos. 1841 to 2070 | 77-673 |
| **OBSERVATION BY THE SPEAKER** | |
| Display of placards by the members | 17 |


* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 675-679

**BUSINESS ADVISORY COMMITTEE**
14th Report 680

**STANDING COMMITTEE ON AGRICULTURE**
9th and 10th Reports 680

**COMMITTEE ON EXTERNAL AFFAIRS**
2nd Report 681

**STANDING COMMITTEE ON URBAN DEVELOPMENT**
2nd Report 681

**STANDING COMMITTEE ON RURAL DEVELOPMENT**
4th to 6th Reports 681

**STANDING COMMITTEE ON SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT**
6th and 7th Reports 682

**STANDING COMMITTEE ON INDUSTRY**
297th to 299th Reports 682

**STANDING COMMITTEE ON TRANSPORT, TOURISM AND CULTURE**
275th Report 683

**STANDING COMMITTEE ON HEALTH AND FAMILY WELFARE**

118th and 119th Reports 683

**STATEMENTS BY MINISTERS**

(i) Status of implementation of the 212th Report of the Standing Committee on Home Affairs on Action Taken by the Government on the recommendations/observations contained in 204th Report of the Committee on Administration and Development of Union Territory of Lakshadweep pertaining to the Ministry of Home Affairs

**Shri G. Kishan Reddy** 684

(ii)(a) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 214th Report of the Standing Committee on Home Affairs on 'Working Conditions in Border Guarding Central Armed Police Forces (Border Security Force, Indo-Tibetan Border Police, Sashastra Seema Bal and Assam Rifles)' pertaining to the Ministry of Home Affairs

(ii)(b) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 215th Report of the Standing Committee on Home Affairs on 'Working Conditions in Non-Border Guarding Central Armed Police Forces (Central Reserve 12 Police Force, Central Industrial Security Force and National Security Guard)' pertaining to the Ministry of Home Affairs

**Shri Nityanand Rai** 685

**BANKING REGULATION (AMENDMENT) BILL, 2020** 686-687

**MATTERS UNDER RULE 377** 690-710

(i) Need to expedite construction of NH-1(44) from Mukarba Chowk in Sonipat to Panipat in Haryana

Shri Ramesh Chander Kaushik 690

(ii) Regarding changing the nomenclature of Awas Yojana in Madhya Pradesh

Shri Sudheer Gupta 690

(iii) Need to ease the conditions of loan scheme under Kisan Credit Card

Shri Sumedhanand Saraswati 691

(iv) Regarding transfer of immovable property of immigrants

Shri Gopal Shetty 692

(v) Need to provide a wagon in Pawan Express (train no. 11062) for transportation of Lichee from Muzaffarpur, Bihar to Mumbai

Shri Ajay Nishad 693

(vi) Need to mitigate the sufferings of banana growers in Jalgaon district, Maharashtra

Shrimati Raksha Nikhil Khadse 694

(vii) Need to declare certain state roads in Tripura as National Highways

Shrimati Pratima Mondal 694

(viii) Need to reopen the Weaving Mill in Sandila Tehsil in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

Shri Ashok Kumar Rawat 695

(ix) Regarding overuse of antibiotics

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki 695

(x) Need to link Prayagraj in Uttar Pradesh with upcoming Defence Industrial Corridor in Uttar Pradesh.

Prof. Rita Bahuguna Joshi 696

(xi) Need to set up a Academy of Tribal Culture in Tripura East Parliamentary Constituency in Tripura

Shri Rebati Tripura 697

(xii) Need to provide centres of various entrance examinations conducted by SSC and UPSC in Jalaun district, Uttar Pradesh

Shri Bhanu Pratap Singh Verma 697

(xiii) Need to honour Vitthal Sakharam Page, freedom fighter of Maharashtra with Padma Award posthumously

Sushri S. Jothimani 698

(xiv) Need to improve the infrastructure at Employees' State Insurance Hospital, Karur in Kerala

Sushri S. Jothimani 699

(xv) Need to ensure sale of original organic products

Kumari Ramya Haridas 699

(xvi) Need for parking and resting facilities for truck drivers plying on Hosur-Salem-Kochi stretch of National Highway

Shri V. K. Sreekandan 700

(xvii) Need to recruit adequate local manpower in ISRO Propulsion Complex in Tamil Nadu

Shri S. Gnanathiraviam 701-702

(xviii) Regarding considering genuine needs of differently-abled sports persons

Dr. T. R. Paarivendhar 703

(xix) Regarding setting up of AIIMS in Andhra Pradesh

Shri Raghu Rama Krishna Raju

(xx) Need to lay a new railway line from Joynagar to Moipith in West Bengal

Shrimati Pratima Mondal 705

(xxi) Need to release the share of Central Government for payment of compensation to farmers in Buldhana Parliamentary Constituency, Maharashtra

Shri Prataprao Jadhav 706

(xxii) Need to include certain castes as proposed by Government of Bihar in the list of Scheduled Tribes.

Shri Kaushlendra Kumar 707

(xxiii) Need to run a superfast train from Moradabad to Mumbai with the stoppage of the train also at Amroha in Uttar Pradesh.

Kunwar Danish Ali 708

(xxiv) Need to constitute a Fishermen Welfare Fund.

Shri Ram Mohan Naidu Kinjarapu 709

(xxv) Need to sanction additional new batch for academic year 2020-2021 in Kendriya Vidyalaya at Kollam in Kerala.

Shri N.K. Premachandran 710

(xxvi) Regarding problem of teachers in Dadra and Nagar Haveli.

Shri Mohanbhai Sanjibhai Delkar 710

**DIRECT TAX VIVAD SE VISHWAS BILL, 2020** 712

Motion to consider 712

Shrimati Nirmala Sitharaman 712

Clauses 2 to 7 713-720

**<u>ANNEXURE – I</u>**

Member-wise Index to Starred Questions 721

Member-wise Index to Unstarred Questions 722-727

**<u>ANNEXURE – II</u>**

Ministry-wise Index to Starred Questions 728

Ministry-wise Index to Unstarred Questions 729

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shrimati Meenakashi Lekhi

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

## SECRETARY GENERAL

Shrimati Snehlata Shrivastava

**LOK SABHA DEBATES**

LOK SABHA

----------

Tuesday, March 3, 2020/Phalguna 13, 1941 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

…(व्यवधान)

**ORAL ANSWER TO QUESTION**

**माननीय अध्यक्ष :** अब प्रश्न काल **,** प्रश्न संख्या 161
श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी ।
(161)

**प्रो. सौगत राय :** सर, एडजर्नमेंट मोशन को लिया जाए। …(व्यवधान)

**श्री रितेश पाण्डेय :** सर, एडजर्नमेंट मोशन हमारी पार्टी की तरफ से भी है। …(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर**,** एडजर्नमेंट मोशन को लिया जाए। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** एक मिनट।

…(व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU :** Sir, they are sitting like mute spectators. …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज माननीय बालू जी**,** बैठिए। एक मिनट**,** बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप सब लोगों ने ही यह फैसला किया था कि कितना भी बड़ा गम्भीर विषय होगा**,** हम प्रश्न काल के बाद उस विषय को उठाएंगे।

…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर**,** हमने एडजर्नमेंट मोशन का नोटिस दिया है। **…(**व्यवधान**)**

**माननीय अध्यक्ष :** जब एडजर्नमेंट मोशन का समय आए**,** मैं आपको एलाऊ करूं**,** तब आप आपने विषय को रखना। अभी प्रश्न काल चलने दें।

…(व्यवधान)

**श्री सुदीप बन्दोपाध्याय :** सर, एडजर्नमेंट मोशन तो प्रश्न काल के पहले लिया जाता है । …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने कल आप लोगों से आग्रह किया था।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** एक मिनट, आपस में बात मत करिए।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, सदन सबकी सहमति से चलता है, सबके सहयोग से चलता है। सदन सबकी सहमतति और सबके सहयोग से चलता है, तो सदन ठीक से संचालित भी होता है। आप लोगों ने तय किया था कि प्रश्न काल एक महत्वपूर्ण काल है। जब कभी ऐसे कोई विषय होंगे, तो हम प्रश्न काल के बाद विषय को उठाएंगे।

आज सर्वदलीय बैठक के अंदर भी हमने दो बातों पर आपस में चर्चा की। नंबर एक, सदन के अंदर कोई भी, चाहे ट्रेजरी बेंच हो या प्रतिपक्ष की बेंच हो, कोई भी माननीय सदस्य इधर से उधर क्रॉस करके किसी की सीट पर नहीं जाएगा और अगर जाएगा, सुन लीजिए, यदि जाएगा, तो मैं आसन से व्यवस्था दे रहा हूं कि उसको पूरे चलते सत्र के लिए निलंबित करूंगा।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सदन इसी तरीके से चलेगा।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अच्छा आप बोलिए। एक-एक को मौका दूंगा।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपके नेता बोल रहे हैं।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** एक मिनट आप बैठिए।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :**

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष : अधीर रंजन जी।**

…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर, हम लोग आम लोगों के नुमाइंदे बनकर यहां आते हैं, देश के विषय को उठाने के लिए। **…(व्य**वधान) आज दिल्ली में जो हो रहा है…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं विषय की बात नहीं कर रहा हूं।

…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** आज भी लाशों की कतार बढ़ रही है। …(व्यवधान) इस विषय को उठाने का हमें अधिकार है। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने आपको बताया है।

…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर, क्या यह विषय उठाने का हमें अधिकार नहीं है?…(व्यवधान) सारी दिल्ली जल रही है। …(व्यवधान) सारे देश की निगाहें इस पर टिकी हुई हैं। …(व्यवधान) इस विषय को रखने का मौका हमें देने के लिए हमने आपसे गुजारिश की है। …(व्यवधान) सरकार से दरख्वास्त कर रहे हैं। …(व्यवधान) सरकार के पक्ष से इस विषय को चर्चा में लाने के लिए बार-बार कह रहे हैं। …(व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU** : My only concern is the Delhi issue. The real issue should be discussed first. For that matter, the Government has not reacted in the Parliament so far. The hon. Deputy Leader of the House is the senior-most Member of the Cabinet. At least, he should react on this matter now. Let us have a threadbare discussion whole day.

**SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY :** Today in the all-party meeting, it was certainly discussed that nobody should cross the Floor from this side of the House to that side. They started clapping. You also decided that they should not come to this side also and if they come, they will also be suspended. …(*Interruptions*) They will also be suspended. So, the question of suspension should be applied on both sides. It should not only be applied on this side but on that side also.

**माननीय अध्यक्ष**: मैं फिर सदन को अवगत करा दूं, चाहे ट्रेजरी बेंच का भी कोई व्यक्ति उधर जाएगा तो उस पर भी वही कार्रवाई होगी जो इधर की बेंच वाले पर होगी, यही बात तय हुई थी न? इस बात पर मैंने सदन में व्यवस्था दी है।

…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** अध्यक्ष महोदय**,** चर्चा शुरू की जाए**,** दिन भर की चर्चा शुरू कर दीजिए। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय मंत्री जी, आपका इस पर क्या मत है।

…(व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी):** अध्यक्ष महोदय**,** मेरा निवेदन इतना ही है**,** अधीर रंजन जी थोड़ा सुनिए। **…**(व्यवधान)

**मानीय अध्यक्ष**: बालू जी, मैंने आपको भी बोलने का मौका दिया। ऐसे नहीं, आपको भी मौका दिया, सभी को मौका दिया। सौगत दा, मैंने आपके नेता को भी बोलने का मौका दिया। एक दल से एक नेता को बोलने का मौका दिया।

…(व्यवधान)

**श्री प्रहलाद जोशी:** अध्यक्ष महोदय, सदन में डिसिप्लिन बनाने के लिए आपके नेतृत्व में जो निर्णय हुआ है, हम पूरे तहेदिल से उसका स्वागत करते हैं और हम आपके साथ हैं। मुझे दिल्ली के बारे में इतना ही कहना है, अधीर रंजन जी, इसे जीरो ऑवर में उठाना है, तो उठाने दो। …(व्यवधान) Shri Baalu, you are a senior Member of this House. …(*Interruptions*) You do not want to listen to me. …(*Interruptions*) आप मेरा पूरा वाक्य भी नहीं सुनना चाहते हैं। You just listen to me. Shri Suresh, you are a senior Member of this House. Please listen to me. …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष**: आप उन्हें पूरी बात कहने दो। क्या उन्होंने अपनी पूरी बात समाप्त कर दी? बालू जी, प्लीज। आप उनको पूरी बात कहने दें, उसके बार रिएक्ट करें। सिस्टम से सदन चलाएं। मैंने आपको समझाया न?

…(व्यवधान)

**SHRI PRALHAD JOSHI:** I would like to put this on record. Yesterday also, we had said that हमने बताया था कि अगर वे रेज करना चाहते हैं तो इसे रेज करने में हमें कोई आपत्ति नहीं थी। I just want to say that restoration of peace and normalcy is the topmost priority. फिर भी जब आप तैयार होते हैं तो सरकार चर्चा के लिए तैयार है। …(व्यवधान) Let the hon. Speaker decide. …(*Interruptions*) Shri Adhir Ranjan Ji, you are a senior leader. What are you doing? You do not want to run the House. …(*Interruptions*) फाइनेंस बिजनेस है, फाइनेंस बिल है, हमारा कन्स्टीट्यूशनल ऑब्लीगेशन है।

**माननीय अध्यक्ष**: सुरेश जी, मैं व्यवस्था दे रहा हूं। प्लीज

**SHRI T. R. BAALU** : He is the hon. Deputy Leader of the House. He should say something. …(*Interruptions*)

**प्रो. सौगत राय:** आप टाइम बता दीजिए। …(व्यवधान)

**11.09 hrs**

## OBSERVATION BY THE SPEAKER

Display of placards by the members

**माननीय अध्यक्ष:** जब मैं कोई व्यवस्था दे रहा हूं, तो क्या आप इस तरीके से बोलते रहेंगे?

दूसरा विषय सदन में जो हुआ है प्लैकार्ड का, प्लैकार्ड भी लेकर नहीं आना है, बैनर लेकर नहीं आना है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** क्या आप प्लैकार्ड से संसद चलाना चाहते हैं? क्या आप संसद की मर्यादा इस तरह से चलाना चाहते हैं? आप यह बताओ, एनाउंस करो कि आप प्लैकार्ड लेकर संसद में आना चाहते हैं। मैं लेकर आना एलाऊ करूंगा।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आप बोलो, क्या आप संसद में प्लैकार्ड एलाऊ कर रहे हैं?

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आप बोलिए, क्या आप प्लैकार्ड लेकर संसद चलाना चाहते हैं? अगर आप प्लैकार्ड लेकर संसद चलाना चाहते हैं तो आप पार्टी की तरफ से एनाउंस करें कि हम ऐसे ही संसद चलाना चाहते हैं।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** क्या आप संसद ऐसे चलाना चाहते हैं?

…(व्यवधान)

**श्री प्रहलाद जोशी:** आप यह बता दें, देश को यह बता दें, सारी दुनिया को बता दें। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सभा बारह बजे तक के लिए स्थगित होती है।

**11.11 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Twelve of Clock.*

______________

**12.00 hrs**

*The Lok Sabha re-assembled at Twelve of the Clock.*

(Dr.(Prof.) Kirit Premjibhai Solanki *in the Chair*)

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्यगण, बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आज सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की चर्चा है। यह महत्वपूर्ण चर्चा है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, विकलांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए चर्चा है। मेरा आपसे निवेदन है कि आप लोग बैठ जाइए और सदन की कार्यवाही चलने दीजिए। यह गरिमा का विषय है और हम सबको गरिमा के विषय पर चर्चा करनी चाहिए।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** सभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित होती है।

**12.02 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.*

**14.00 hrs**

*The Lok Sabha re-assembled at Fourteen of Clock.*

(Hon. Speaker *in the Chair*)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, मुझे कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है।

**14.01 hrs**

## PAPERS LAID ON THE TABLE

**माननीयअध्यक्ष :**अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे।

श्री गिरिराज सिंह

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री (श्री गिरिराज सिंह) :** अध्यक्ष महोदय, मैंवर्ष 2020-2021 के लिए मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की निर्गत परिणामी रूपरेखाकीएकप्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) पत्र सभापटल पर रखता हूं। …(व्यवधान)

(Placed in Library, See No LT 2128/17/20)

**माननीय अध्यक्ष:** आप कुछ अनुशासन भी सीख लीजिए।

…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** सर, मैं आपको एक बात कहना चाहता हूं कि ये सभी मैम्बर्स हैं। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आप इन्हें समझाइए। आप जैसे लोगों ने सदन चलाने की परम्पराएं बनाई हैं तो इन्हें बनी रहने दीजिए।

…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** सर, हम कहां जाएंगे। हम कुछ नहीं करते हैं। …(व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :**अध्यक्ष महोदय**,** मैंनिम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(क) (एक) ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड, कोलकाता के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण कीसरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण।

(दो) ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड, कोलकाता का वर्ष 2018-2019 का वार्षिकप्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(Placed in Library, See No LT 2129/17/20)

(ख) (एक) नेपा लिमिटेड, नेपानगर के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षाके बारेमें विवरण।

(दो) नेपा लिमिटेड, नेपानगर का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथाउन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) के मद (ख) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(Placed in Library, See No LT 2130/17/20)

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री दानवे राव साहेब दादाराव) :**अध्यक्ष महोदय**,** मैं निम्नलिखित पत्र सभापटल पर रखता हूं:-

(1) आधार (वित्तीय और अन्य सहायिकियों, प्रसुविधाओं और सेवाओं का लक्षित परिदान) अधिनियम, 2016 की धारा 55 के अंतर्गत अधिसूचना सं. का.आ. 4616(अ) जो 26 दिसम्बर, 2019 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा 8 फरवरी, 2017 की अधिसूचना

सं. का.आ. 371 (अ) में कतिपय संशोधन किए गए हैं, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(Placed in Library, See No LT 2131/17/20)

(2) भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 2016 की धारा 40 की उप-धारा (2) के अंतर्गत भारतीय मानक ब्यूरो (वैज्ञानिक काडर की भर्ती) विनियम, 2019, जो 23 दिसम्बर, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एफ.सं. बीएस/11/07/2019 में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(Placed in Library, See No LT 2132/17/20)

(3) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 के अंतर्गत जारी निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) विनिर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर अनुज्ञप्तिकरण अपेक्षाएँ, स्टॉक सीमाएँ और संचलन प्रतिबंधनिराकरण (तीसरा संशोधन) आदेश, 2019, जो 28 नवम्बर, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ. 4298(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(दो) विनिर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर अनुज्ञप्तिकरण अपेक्षाएँ, स्टॉक सीमाएँ और संचलन प्रतिबंध निराकरण (चौथा संशोधन) आदेश, 2019, जो 3 दिसम्बर, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ. 4341(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(तीन) विनिर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर अनुज्ञप्तिकरण अपेक्षाएँ, स्टॉक सीमाएँ और संचलन प्रतिबंधनिराकरण (पांचवां संशोधन) आदेश, 2019, जो 10 दिसम्बर, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ. 4417(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(चार) विनिर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर अनुज्ञप्तिकरण अपेक्षाएँ, स्टॉक सीमाएँ और संचलन प्रतिबंधनिराकरण (छठा संशोधन) आदेश, 2019, जो 16 दिसम्बर, 2019 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. का.आ. 4471(अ) में प्रकाशित हुआ था।

(Placed in Library, See No LT 2133/17/20)

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI G. KISHAN REDDY):** Sir, I beg to lay on the Table:

(1) A copy of the Notification No. S.O.1394(E) (Hindi and English versions) published in Gazette of India dated 3rd May, 2017 regarding delegation of powers and functions of the appropriate Government to Administrator/Lieutenant Governor of the Union Territories of Andaman and Nicobar Islands, Chandigarh, Dadra and Nagar Haveli, Daman and Diu and Lakshadweep under sub-section (1) of Section 86 of the Real Estate (Regulation and Development) Act, 2016.

(2) Statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the papers mentioned at (1) above.

(Placed in Library, See No LT 2134/17/20)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्यमंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :**श्रीपरषोत्तमरूपालाकीओरसे,मैंनिम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) नेशनल सीड्स कार्पोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण कीसरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) नेशनल सीड्स कार्पोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन,लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वालाविवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(Placed in Library, See No LT 2135/17/20)

(3) (एक) प्रोटेक्शन ऑफ प्लांट वैरायटीज एंड फार्मर्स राइट्स अथॉरिटी, नई दिल्ली के वर्ष2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) प्रोटेक्शन ऑफ प्लांट वैरायटीज एंड फार्मर्स राइट्स अथॉरिटी, नई दिल्ली के वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखापरीक्षाप्रतिवेदन।

(तीन) प्रोटेक्शन ऑफ प्लांट वैरायटीज एंड फार्मर्स राइट्स अथॉरिटी, नई दिल्ली के वर्ष2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथाअंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वालाविवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(Placed in Library, See No LT 2136/17/20)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) :**डॉ. संजीव कुमार बालियान की ओर से, मैं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (2) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) गोवा मीट कॉम्पलेक्स लिमिटेड, पणजी के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(2) गोवा मीट कॉम्पलेक्स लिमिटेड, पणजी का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(Placed in Library, See No LT 2137/17/20)

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय) :**अध्यक्ष महोदय**,** मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) (एक) लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन कीएक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकारद्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वालाविवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(Placed in Library, See No LT 2138/17/20)

(3) सीमा सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 की धारा 141 की उप-धारा (3) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) सीमा सुरक्षा बल काम्बेटाइज्ड पैरा-मेडिकल स्टाफ भर्ती (संशोधन) नियम, 2019, जो 8जनवरी, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 17(अ) में प्रकाशित हुएथे।

(दो) सीमा सुरक्षा बल काम्बेटाइज्ड पैरा-मेडिकल स्टाफ भर्ती (संशोधन) नियम, 2019, जो 10 जनवरी, 2020 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा.का.नि. 25 (अ) में प्रकाशित हुए थे।

(Placed in Library, See No LT 2139/17/20)

(4) पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920 की धारा 3 की उप-धारा (5) के अंतर्गत जारी अधिसूचना संख्या का.आ. 781 (अ) जो 11 फरवरी, 2019 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) नियम, 1950 के प्रयोजन हेतु पंजाब राज्य के डेरा बाबा नानक लैंड चेक पोस्ट को एक प्राधिकृत आप्रवासन चेक पोस्ट के रूप में घोषित किया गया है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(Placed in Library, See No LT 2140/17/20)

(5) विदेशियों विषयक अधिनियम, 1946 की धारा 3 (क) की उप-धारा (2) के अंतर्गत जारी अधिसूचना संख्या का.आ. 782(अ) जो 11 फरवरी, 2019 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा विदेशियों विषयक आदेश, 1948 के प्रयोजन हेतु मुख्य आप्रवासन अधिकारी, बीओआई डेरा बाबा नानक को 11.02.2019 से 'सिविल प्राधिकारी' के रूप में नियुक्त किया गया है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(Placed in Library, See No LT 2141/17/20)

**जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री रतन लाल कटारिया) :**अध्यक्ष महोदय**,** मैं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, दिल्ली के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(2) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, दिल्ली का वर्ष 2018-2019 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(Placed in Library, See No LT 2142/17/20)

**14.01 ½ hrs**

## BUSINESS ADVISORY COMMITTEE
**14th Report**

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEAVY INDUSTRIES AND PUBLIC ENTERPRISES (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL):** Sir, on behalf of my colleague, Shri Pralhad Joshi, I beg to present the Fourteenth Report of the Business Advisory Committee.

**14.02 hrs**

## STANDING COMMITTEE ON AGRICULTURE
## 9th and 10th Reports

**SHRI P. C. GADDIGOUDAR (BAGALKOT):** Sir, I beg to present the following Reports (Hindi and English versions) (Seventeenth Lok Sabha) of Standing Committee on Agriculture (2019-20):

(1) 9th Report on 'Demands for Grants (2020-21)' of the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare (Department of Agriculture, Cooperation and Farmers Welfare).

(2) 10th Report on 'Demands for Grants (2020-21)' of the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare (Department of Agricultural Research and Education).

**14.02 ½ hrs**

**STANDING COMMITTEE ON EXTERNAL AFFAIRS**

**2nd Report**

**SHRI P. P. CHAUDHARY (PALI):** Sir, I beg to present the Second Report (English and Hindi versions) of the Standing Committee on External Affairs (2019-20) on Demands for Grants of the Ministry of External Affairs for the year 2020-21.

---

**14.03 hrs**

**STANDING COMMITTEE ON URBAN DEVELOPMENT**

**2nd Report**

**SHRI JAGDAMBIKA PAL (DOMARIYAGANJ):** Sir, I beg to present the Second Report (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Urban Development (2019-20) of Seventeenth Lok Sabha on 'Demands for Grants (2020-21) of Ministry of Housing and Urban Affairs'.

---

**14.03½ hrs**

## STANDING COMMITTEE ON RURAL DEVELOPMENT
## 4th to 6th Reports

**श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा) :** अध्यक्ष महोदय, मैं ग्रामीण विकास संबंधीस्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:-

1. ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग )की "अनुदानों की मांगों (2020-21)"के बारे में चौथा प्रतिवेदन।
2. ग्रामीण विकास मंत्रालय (भूमि संसाधन विभाग) की "अनुदानों की मांगों (2020-21)"के बारे में पांचवां प्रतिवेदन।
3. पंचायती राज मंत्रालय की "अनुदानों की मांगों (2020-21)" के बारे में छठा प्रतिवेदन।

**14.04hrs**

**STANDING COMMITTEE ON SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT**
**6th and 7th Reports**

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** महोदय, मैं सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति **(2019-20)** के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करती हूं:

1. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग) की 'अनुदानों की मांगों **(2020-21)**' के बारे में छठा प्रतिवेदन।
2. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग) की "अनुदानों की मांगों **(2020-21)**" के बारे में सातवां प्रतिवेदन।

**14.04½ hrs**

**STANDING COMMITTEE ON INDUSTRY**
**297th to 299th Reports**

**श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर):** महोदय, मैं उद्योग संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:-

1. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2020-21) के बारे में 297वां प्रतिवेदन।
2. लोक उद्यम विभाग (भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय) से संबंधित अनुदानों की मांगों (2020-21) के बारे में 298वां प्रतिवेदन।
3. भारी उद्योग विभाग (भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय) से संबंधित अनुदानों की मांगों (2020-21) के बारे में 299वां प्रतिवेदन।

**14.05 hrs.**

**STANDING COMMITTEE ON TRANSPORT, TOURISM AND CULTURE**
**275th Report**

**SHRI DUSHYANT SINGH (JHALAWAR-BARAN):** Sir, I beg to lay on the Table the Two Hundred Seventy-fifth Report (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Transport, Tourism and Culture on Demands for Grants (2020-21) of the Ministry of Tourism.

---

**14.05 ½ hrs**

**STANDING COMMITTEE ON HEALTH AND FAMILY WELFARE**
**118th and 119th Reports**

**DR. PRITAM GOPINATHRAO MUNDE (BEED):** Sir, I beg to lay on the Table the following Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Health and Family Welfare:-

1. 118th Report on Demands for Grants (2020-21) of the Department of Health and Family Welfare, Ministry of Health and Family Welfare.
2. 119th Report on Demands for Grants (2020-21) of the Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare.

---

**14.06 hrs**

## STATEMENTS BY MINISTERS

**(i) Status of implementation of the 212th Report of the Standing Committee on Home Affairs on Action Taken by the Government on the recommendations/observations contained in 204th Report of the Committee on Administration and Development of Union Territory of Lakshadweep pertaining to the Ministry of Home Affairs.***

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI G. KISHAN REDDY):** Sir, I beg to lay a statement regarding the status of implementation of the 212th Report of the Standing Committee on Home Affairs on Action Taken by the Government on the recommendations/observations contained in 204th Report of the Committee on Administration and Development of Union Territory of Lakshadweep pertaining to the Ministry of Home Affairs.

---

*Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 2143/17/20

**14.06 ½ hrs**

**(ii) (a) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 214th Report of the Standing Committee on Home Affairs on 'Working Conditions in Border Guarding Central Armed Police Forces (Border Security Force, Indo-Tibetan Border Police, Sashastra Seema Bal and Assam Rifles)' pertaining to the Ministry of Home Affairs.*** 

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय):** महोदय, मैं निम्नलिखित वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं:गृह मंत्रालय से संबंधित 'सीमा की रक्षा करने वाले केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीमा सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, सशस्त्र सीमा बल और असम राइफल्स) के कार्य की स्थितियां' विषय पर गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति के **214**वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति।

**(ii) (b)Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 215th Report of the Standing Committee on Home Affairs on 'Working Conditions in NonBorder Guarding Central Armed Police Forces (Central Reserve 12 Police Force, Central Industrial Security Force and National Security Guard)' pertaining to the Ministry of Home Affairs.***

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री :** महोदय, मैं निम्नलिखित वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं: गृह मंत्रालय से संबंधित 'सीमा की रक्षा न करने वाले केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड) के कार्य की स्थितियां' विषय पर गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति के **215**वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों के कार्यान्वयन की स्थिति।

---

*Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 2144/17/20 and 2145/17/20 respectively.

**14.07 hrs**

**BANKING REGULATION (AMENDMENT) BILL, 2020***

**माननीय अध्यक्ष : आइटम नम्बर-21 श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ।**

…(व्यवधान)

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR):** Sir, this item should not be taken up before the discussion on Delhi riots. …(*Interruptions*)

**THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN):** Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Banking Regulation Act, 1949.…(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन ।**

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय ।**

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष : श्री अधीर रंजन चौधरी ।**

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष : एडवोकेट डीन कुरियाकोस ।**

…(व्यवधान)

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN**: Sir, the Banking Regulation (Amendment) Bill, 2020 is absolutely the need of the hour. …(*Interruptions*) In this country, very recently, the Punjab and Maharashtra Cooperative Bank,

---

* Published in the Gazettee of India, Extraordinary, Part – II, Section 2, dated 3.3.2020

which is a Multi-State Cooperative Bank, unfortunately, has put a lot of small and medium sized depositors to difficulty. …(*Interruptions*) Constantly, there is a request that the Government should do something about it. …(*Interruptions*) Under the leadership of Prime Minister Modi, we have ensured that the deposit insurance is increased from Rs. 1 lakh to Rs. 5 lakh so that common citizens, who have saved their money, can be sure that, whatever be the difficulty, their money will be safe in the banks. …(*Interruptions*) But if the Opposition thinks that they can stall the demands of the small deposit holders who are looking up to the Government for some activity, for some protection, and if the small and medium depositors are being denied their right, it is a shame. They are against the small and medium depositors of this country. …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य मैंने आसन से व्यवस्था दे रखी है कि एक भी माननीय सदस्य ने बॉर्डर क्रॉस किया, वे चाहे इधर के माननीय सदस्य हों या उधर के माननीय सदस्य हों, मैं इमिडिएटली पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दूंगा।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN:** Sir, the small and medium depositors of this country are looking up to this Government to protect them. …(*Interruptions*) We have raised the deposit insurance from Rs. 1 lakh to Rs. 5 lakh in order that we give the protection. …(*Interruptions*) Now, at this time, without this amendment, the depositors are going to be in a difficulty. So, I

appeal to everybody to take this amendment into consideration. …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है**:

> “कि बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए। ”

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

…(व्यवधान)

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN:** Sir, I introduce* the Bill.

---

…(व्यवधान)

* Introduced with the recommendationof the President.

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, आप जिस विषय पर चर्चा कर रहे हैं, उस पर आप सभी ने सर्वसम्मति से फैसला किया है। सत्ता पक्ष ने कहा कि आसन से जो भी व्यवस्था होगी, उसे हम स्वीकार करेंगे। मैंने आपसे भी चर्चा की और आपसे भी चर्चा की। सदन के सभी दलों के नेताओं से चर्चा की। मेरा मानना है कि सदन में सहमति और असहमति हो सकती है, लेकिन देश हित में हम सभी काम कर रहे हैं।

इस समय देश की परिस्थिति को देखते हुए मेरा विचार है कि जिन विषयों पर आप कह रहे हैं, मैं आज ही व्यवस्था दे देता हूं, क्योंकि अभी होली का पर्व है, होली सौहार्दपूर्ण तरीके से मने।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप मेरी बात सुनें।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : सरकार इस विषय पर चर्चा करने के लिए तैयार है और सरकार ने कहा है कि होली के बाद, **11** तारीख को इस विषय पर चर्चा होनी चाहिए, आपने चर्चा मांगी है और सरकार चर्चा के लिए तैयार है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** क्या सरकार चर्चा करने के लिए तैयार है**?**

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सरकार चर्चा के लिए तैयार है और ऐसी परिस्थिति में हमें सदन में चर्चा करनी चाहिए।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सरकार आप चर्चा करिए। आप भी सीट पर जाकर चर्चा करिए। सदन चर्चा करने के लिए है, संवाद करने के लिए है, वाद-विवाद करने के लिए है।

…(व्यवधान)

**<u>14.11 hrs</u>**

*(At this stage, Shri Kodikunnil Suresh, Shri Bhagwant Mann and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.)*

**माननीय अध्यक्ष : No,** आप चर्चा करिए, संवाद में बैठिए, बात करिए, होली का अच्छा पर्व मनाइए। देश में सौहार्दपूर्ण तरीके से चर्चा होनी चाहिए। आप भी होली मनाएं, सभी लोग होली मनाएं, देश भर में लोग होली मनाएं। आप माननीय वरिष्ठ सदस्यों से सीखें। कोई वरिष्ठ सदस्य सीट छोड़ कर नहीं आते हैं।

…(<u>व्यवधान</u>)

**माननीय अध्यक्ष :** आज हम सभी लोग अनुसचित जनजाति, सामाजिक कल्याण पर चर्चा करना चाहते हैं, सामाजिक कल्याण का विषय बहुत महत्वपूर्ण है। आपके मुख्य सचेतक ने कहा है कि समाजिक कल्याण विषय पर चर्चा होनी चाहिए, दो दिनों तक चर्चा होनी चाहिए।

…(<u>व्यवधान</u>)

**माननीय अध्यक्ष :** आप समाज कल्याण विषय पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं**?** आप दलित, शोषित और पीड़ित व्यक्तियों पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं**?**

…(<u>व्यवधान</u>)

**माननीय अध्यक्ष :** क्या आप सदन में हल्ला करने आए हैं**?** आप चर्चा करें, संवाद करें, बातचीत करें। लोकतंत्र के मंदिर में मैं आप सभी से आग्रहपूर्वक निवेदन करता हूं कि आप चर्चा करें, संवाद करें। इसमें सहमति या असहमति हो सकती है, लेकिन सदन में चर्चा होनी चाहिए।

…(<u>व्यवधान</u>)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** अध्यक्ष महोदय, आप चर्चा के लिए डेट तय करें। आपको टाइम तय करना है, डेट तय करनी है। हम चर्चा के लिए तैयार हैं। ….(<u>व्यवधान</u>)

**14.14 hrs**

## MATTERS UNDER RULE 377 *

**माननीय अध्यक्ष :** नियम **377** के अधीन जो भी मामले हों**,** उन्हें सदन के पटल पर रख दीजिए।

…(व्यवधान)

### (i) Need to expedite construction of NH-1(44) from Mukarba Chowk in Sonipat to Panipat in Haryana

**श्री रमेश चन्द्र कौशिक (सोनीपत):**मेरे संसदीय क्षेत्र सोनीपत में एनएच-1 (44) मुकरबा चौक से पानीपत के लिए जो सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। वह अब तक पूरा नहीं हुआ है, मेरा सड़क परिवहन मंत्री जी से अनुरोध है कि एनएच-1(44) मुकरबा चौक से पानीपत के लिए निर्माण सड़क का कार्य को जल्दी से जल्दी पूरा करने की कृपा करें।

---

*Treated as laid on the Table.

## (ii) Regarding changing the nomenclature of Awas Yojana in Madhya Pradesh

**श्री सुधीर गुप्ता (मन्दसौर):** मुझे माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी का ध्यान मध्य प्रदेश सरकार की ओर आकृष्ट करते हुये कहना है कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना पूरे देश में विगत वर्षों से चल रही है एंव अभी तक करोड़ों रुपये की लागत से आवासों का निर्माण हुआ है एंव लाभार्थियों को सौंपा गया है। मध्य प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री आवास योजना कर दिया है। इस योजना की राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही है। अत: माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि मध्य प्रदेश सरकार को प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम से ही योजना चलाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन को आदेश निर्गत करने की कृपा करें।

**(iii) Need to ease the conditions of loan scheme under Kisan Credit Card**

**श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर):** देश के किसानों को सरकार द्वारा केसीसी के माध्यम से ऋण दिया जाता है। यह ऋण किसान द्वारा वार्षिक एक मुश्त ब्याज सहित बैंक में जमा कराया जाता है। बैंक द्वारा लगभग एक सप्ताह के भीतर किसान को मूल रकम वापस दे दी जाती है। लेकिन कई बार किसान से ब्याज सहित मूल रकम की व्यवस्था नहीं हो पाती है, जिसके कारण वह अपने केसीसी ऋण की राशि जमा नहीं करा पाता है, ब्याज प्रतिशत में छूट नहीं मिलती है, इस कारण किसान को साहूकारों से ज्यादा ब्याज पर रूपये उधार लेना पड़ता है। उधर नहीं मिलने पर वह ऋण जमा भी नहीं करा पाता है। जिससे किसान डिफल्टर हो जाता है किसानों को डिफल्टर एंव साहूकारों से बचाने के लिए बैंकों द्वारा मूल राशि के बजाय केवल ब्याज ही लिया जाये तो किसान आसानी से जमा भी करा देगा और डिफॉल्टर होने से तथा साहूकारों से भी बच सकता है।

**(iv) Regarding transfer of immovable property of immigrants**

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर):** यह सर्वविदित है कि वर्ष 1947 में जब भारत का बंटवारा हुआ तो हिन्दू एंव मुस्लिम आबादी के हिसाब से दो अलग-अलग देश बने तथा दोनों देशों में आबादी के हिसाब से ही भूमि विभाजन हुआ। लेकिन, विभाजन के दौरान और उसके बाद एक बड़ी संख्या में गैर मुस्लिमों का पाकिस्तान से भारत में पलायन हुआ है, मगर उनके हिस्से की भूमि आज भी पाकिस्तान के कब्जे में ही है। वर्तमान समय की बात करें तो पाकिस्तान में हिन्दू, सिक्ख, पारसी, जैन, ईसाई की आबादी घट रही है और मुस्लिम समुदाय की आबादी निरंतर तेजी से बढ़ रही है। इसका एक प्रमुख कारण पाकिस्तान में गैर मुस्लिम लोगों के साथ जघन्य अपराध, अत्याचार एवं उत्पीड़न है, जिस कारण वे पाकिस्तान छोड़कर भारत की ओर पलायन कर रहे हैं और यह सिलसिला आजादी के बाद से लेकर आज तक जारी है। जबकि, वर्ष 1950 में दिल्ली में 'नेहरू लियाकत' समझौता हुआ था, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया था कि दोनों देश अपने-अपने देशों में अल्पसंख्यकों का ख्याल रखेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं और यह समझौता धरा का धरा रह गया। पाकिस्तान से आकर देश में रहने वाले हिन्दू, सिक्ख, बौद्ध, जैन, पारसी, ईसाई की संख्या का कोई आपराधिक अनुमान नहीं है, लेकिन इन समुदायाओं के लोग पाकिस्तान के जघन्य अत्याचारों से परेशान होकर वर्षों से छोटे समूह में दिल्ली या देश के अन्य राज्यों शरण लिए हुए हैं। आज देश में मुस्लिमों की आबादी 15 प्रतिशत से अधिक है जबकि पाकिस्तान में गैर मुस्लिमों की संख्या 2 प्रतिशत से भी कम है। देशवासियों को हार्दिक प्रसन्नता है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने पाकिस्तान सहित बांग्लादेश एवं अफगानिस्तान से देश में आए इन पीड़ित लोगों को संरक्षण देते हुए नागरिकता दिए जाने हेतु अधिनियम पारित किया है जो स्वागतयोग्य है। इस संदर्भ में मेरा अनुरोध है कि आजादी के बाद से लेकर आज तक विशेषकर पाकिस्तान से जो गैर मुस्लिम, जिनमें हिन्दू, सिक्ख, बौद्ध जैन, पारसी, ईसाई, शामिल है, देश में

आकर बसे हैं, उनकी संख्या का आकलन कराकर उनके हिस्से की भूमि को पाकिस्तान से वापस लिए जाने हेतु ठोस कदम उठाए जाएं।

**(v) Need to provide a wagon in Pawan Express (train no. 11062) for transportation of Lichee from Muzaffarpur, Bihar to Mumbai**

**श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर):** मुजफ्फरपुर शाही लीची एवं अन्य प्रकार की लीची उत्पादन के लिए जगत प्रसिद्ध है। यहां उत्पादित लीची की मुंबई के बाजार में बड़ी मांग है। इस कारण यहां के लीची उत्पादक किसान अपने उत्पाद का बड़ा हिस्सा मुंबई के बाजार में बेचते हैं जिससे इनको अत्यधिक राजस्व की प्राप्ति होती है। उत्पादकों को लीची भेजने के लिए पूर्व मध्य रेलवे पवन एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 11062) में पार्सल भान उपलब्ध कराता था जिसमें लगभग 600 टन लीची की ढुलाई मुंबई के लिए होती थी लेकिन 2018 में रेलवे ने इसे बंद कर दिया जिससे किसानों को ट्रक द्वारा ढुलाई कराना पड़ रहा है जिसमें बड़ी मात्रा में लीची सड़ जाती है और साथ ही किसानों के राजस्व पर भी बुरा असर पड़ता है।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करना चाहूंगा कि मुजफ्फरपुर की विख्यात लीची को मुंबई के बाजार में पहुंचाने हेतु पूर्व की भांति पवन एक्सप्रेस **(**गाड़ी सं**0 11062)** में उच्च क्षमता वाले पार्सल भान रेलवे द्वारा निर्धारित भाड़ा पर **20** मई**, 2020** से **10** जून**, 2020** तक के लिए उपलब्ध कराया जाए।

